**आकाशवाणी शिमला**
**27.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में बने फोरलेन में वाहनों की स्पीड लिमिट बढ़ाई जाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक चंद्रशेखर के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी फोर लेन में स्पीड प्रति घंटा 60 किलोमीटर है जिसे बढ़ाकर 70 किलो मीटर प्रति घंटा से अधिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि स्पीड के कारण फोरलेन में कोई दुर्घटना न हो और इसके लिए परिवहन विभाग की तरफ से सर्वे कराया जाएगा। विधायक मलेन्द्र राजन के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उत्पीड़न मामले पर शिकायत दर्ज करने को लेकर सरकार नया नियम बनाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायत को गोपनीय रखने के लिए नियम बनाए जाएंगे ताकि महिलाएं अपनी शिकायत को पूरी तरफ व्यक्त कर सके।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेपाल में हुई भीषण त्रासदी पर गहरा दुख जताया है। विधानसभा में आज उन्होंने कहा कि नेपाल में आई आपदा बेहद बड़ी है और जानकारी के मुताबिक एक सौ 33 भारतीय नागरिकों के लापता होने की सूचना है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश के किसी नागरिक के लापता होने की जानकारी अभी तक केंद्र सरकार की ओर से उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। नेपाल त्रासदी को लेकर प्रदेश विधानसभा में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आपदाओं के प्रभाव का पूरे एशियाई क्षेत्र में अध्ययन किए जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री की ओर से घोषित 15 सौ करोड़ रुपये की राहत राशि को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी इसकी प्रक्रिया दिल्ली स्तर पर चल रही है। जब तक केंद्र सरकार की ओर से औपचारिक मंजूरी नहीं मिलती, तब तक हिमाचल यह नहीं मान सकता कि 15 सौ करोड़ रुपये की राशि मिल गई है।

इस बीच लॉटरी को लेकर विपक्ष के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉटरी भाग्य का खेल है और किसी व्यक्ति पर इसे खरीदने की कोई बाध्यता नहीं है। जिसकी इच्छा होगी, वही लॉटरी खरीदेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से इस मुद्दे पर दिए गए पत्र और उठाए गए सवालों पर भी गौर किया जाएगा।

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश में दीपावली से पहली लॉटरी शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले की विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी निंदा की है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए नहीं बल्कि अपनी निजी आर्थिकी सुधारने के लिए लॉटरी को फिर से शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि लॉटरी के कारण प्रदेश में पहले भी कई घर बर्बाद हुए और इसी कारण भाजपा सरकार ने इसे बंद किया था। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार युवाओं को बर्बाद करने के लिए लॉटरी शुरू कर रही है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तुरंत वापिस लेने की मांग की।

**अग्निहोत्री–वक्तव्य**

प्रदेश सरकार ने राज्य में 12 से 15 वर्ष की आयु वाले अनुबंधित यात्री वाहनों यानि कॉन्ट्रेक्ट कैरिज व्हीकल के संचालकों को फिलहाल राहत दी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कॉन्ट्रेक्ट कैरेज वाहनों की आयु सीमा और वाहनों की फिटनेस जांच को लेकर आज सदन में वक्तव्य के माध्यम से सरकार का पक्ष स्पष्ट किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार अपने स्तर पर अनुबंधित यात्री वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष नहीं कर सकती और मोटर वाहनों की आयु सीमा निर्धारित करने की शक्ति केन्द्र सरकार के पास है। ऐसे में केन्द्रीय प्रावधान में बदलाव के बिना राज्य स्तर पर आयु सीमा बढ़ाने का निर्णय लेना संभव नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय पर्यटक परमिट के तहत वाहनों की निर्धारित आयु सीमा 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष की गई है और ये व्यवस्था 1 अप्रैल, 2026 से लागू है।

---